Certified ISO 9001: 2015

**रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन**
**भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय**
**नौसेना भौतिक तथा समुद्रविज्ञान प्रयोगशाला**
**तृक्काक्करा पी.ओ., कोच्चि, केरल – 682 021**

**विज्ञापन सं. NPOL/JRF/01/2024**

## कनिष्ठ शोध अध्येता (जे आर एफ) के पदों के लिए चयन

प्रयोगशाला में कनिष्ठ शोध अध्येता के वर्तमान में रिक्त पदों तथा प्रत्याशित रिक्त पदों हेतु निम्नलिखित विषय/शिक्षण में अपेक्षित योग्यतायुक्त अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | अध्येतावृत्ति के प्रकार | विषय/शिक्षण | रिक्तियों की संख्या | आवश्यक शैक्षिक योग्यताएं |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **कनिष्ठ शोध अध्येता** | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजिनियरिंग (ई सी ई)/इन्स्ट्रुमेंटेशन इंजिनीयरिंग | 02 - ईसीई*<br>01 -इन्स्ट्रुमेंटेशन इंजिनीयरिंग | वैध **नेट/गेट** योग्यता सहित इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजिनियरिंग/इन्स्ट्रुमेंटेशन इंजिनीयरिंग में बी.ई./बी.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो।<br>या<br>स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर दोनों पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजिनियरिंग/इन्स्ट्रुमेंटेशन इंजिनीयरिंग में एम.ई./एम.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो। |
| 2. | | कंप्यूटर साइंस एवं इंजिनियरिंग | प्रत्याशित | वैध **नेट/गेट** योग्यता सहित कंप्यूटर साइंस में बी.ई./बी.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो।<br>या<br>स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर दोनों पर कंप्यूटर साइंस में एम.ई./ एम.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो। |
| 3. | | केमिकल इंजिनीयिंग/रबड़ टेक्नोलजी/पॉलिमर टेक्नोलजी/नैनो टेक्नोलजी/ मेटीरियल साइंस | 01* | वैध **नेट/गेट** योग्यता सहित केमिकल इंजिनीयिंग/रबड़ टेक्नोलजी/पॉलिमर टेक्नोलजी/नैनो टेक्नोलजी/ मेटीरियल साइंस में बी.ई./बी.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो।<br>या<br>स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर दोनों पर केमिकल इंजिनीयिंग/रबड़ टेक्नोलजी/पॉलिमर टेक्नोलजी/नैनो टेक्नोलजी/ मेटीरियल साइंस में एम.ई./ एम.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो |
| 4. | | ऑशियानोग्राफी/ समुद्र प्रौद्योगिकी/मौसम विज्ञान | 01 | वैध **नेट** योग्यता सहित विषय/शिक्षण से संबंधित बुनियादी विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो।<br>या<br>स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर दोनों पर ऑशियानोग्राफी/ समुद्र प्रौद्योगिकी/मौसम विज्ञान में एम.ई./ एम.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो |
| 5. | | मिकैनिकल इंजिनियरिंग | 01* | वैध **नेट/गेट** योग्यता सहित मिकैनिकल इंजिनियरिंग में बी.ई./बी.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो।<br>या<br>स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर दोनों पर मिकैनिकल इंजिनियरिंग में एम.ई./एम.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो। |
| 6. | | ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्स | 01* | वैध **नेट/गेट** योग्यता सहित ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्स में बी.ई./बी.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो। या स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर दोनों पर ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्सस में एम.ई./ एम.टेक. की डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जितकी हो<br>या<br>वैध **नेट** योग्यता सहित बुनियादी विज्ञान (ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्स) में स्नातकोत्तर डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो। |
| 7. | | भौतिक विज्ञान | प्रत्याशित | वैध **नेट** योग्यता सहित विषय/शिक्षण से संबंधित बुनियादी विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री प्रथम श्रेणी में अर्जित की हो। |

**....2 में जारी है/**

**नोटः**

- (*) - ये पद जुलाई 2024 से उपलब्ध होने की संभावना है।
- आवश्यक शैक्षिक योग्यता के समकक्ष स्वीकार्य विषय/शिक्षण आर ए सी, डी आर डी ओ के मानदंडों के अनुसार होंगे।
- उपर्युक्त उद्देश्य हेतु, **नेट** में केंद्र सरकार के विभागों/अभिकरणों द्वारा प्रदत्त अन्य प्रासंगिक राष्ट्रीय स्तर की अध्येतावृत्ति भी शामिल होगी।
- निर्धारित शैक्षिक योग्यता की, प्रयोगशाला के संबंध में प्रासंगिकता और समतुल्यता के विषय में निदेशक, एन पी ओ एल का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

**सामान्य शर्तें:**

- **केवल उपर्युक्त योग्यता रखनेवाले अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं।** आवेदक द्वारा अर्जित सभी शैक्षिक योग्यताएं मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों या संस्थानों से होनी चाहिए। **नेट/गेट योग्यताएं जहाँ भी निर्धारित हों, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक मान्य होनी चाहिए।** सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों/ स्वायत्त निकायों में कार्यरत अभ्यर्थियों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए।

- **अधिकतम आयु सीमा**: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु **28 वर्ष** होनी चाहिए। भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि विज्ञापन के एमप्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार में प्रकाशित होने के 30 दिन बाद होगी।

- **आवेदन कैसे करें**: अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप के आवेदन पत्र को (www.drdo.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है) डाउनलोड करें और विधिवत् भरें। हस्ताक्षर किए गए आवेदन की हार्ड कॉपी सहित शैक्षिक योग्यताओं के समर्थन में अपेक्षित स्व अभिप्रमाणित योग्यता प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि, मैट्रिक प्रमाणपत्र/जन्म तिथि के समर्थन हेतु जन्म प्रमाणपत्र, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक वैध **गेट/नेट** स्कोर कार्ड (यदि लागू हो), जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) को आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से पहले डाक द्वारा "**निदेशक, नौसेना भौतिक तथा समुद्रविज्ञान प्रयोगशाला, तृक्काक्करा पी ओ, कोच्चि-682 021**" पते पर भेजें। लिफाफे के ऊपर "**जे आर एफ हेतु आवेदन 2024**" लिखा होना चाहिए। अपूर्ण/आंशिक रूप से भरे आवेदन और आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हुए आवेदन अस्वीकार किया जाएगा।

- आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग विधिवत् गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा की जाएगी और चयन के लिए चुने हुए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा, जिसका शेड्यूल ई-मेल द्वारा सूचित किया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों के पास एक सक्रिय ई-मेल आई डी होनी चाहिए और चयन प्रक्रिया पूरी होने तक समय समय पर ई-मेल चेक करते रहें। स्क्रीनिंग समिति द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ही आगे की चयन प्रक्रिया हेतु संचार प्राप्त होगा। किसी भी प्रकार की पक्षपुष्टि की प्रार्थना उम्मीदवारी रद्द होने का कारण होगी।

- साक्षात्कार के आधार पर प्रत्याशित रिक्तियों हेतु एक पैनल का गठन किया जाएगा और यह पैनल एक वर्ष की अवधि के लिए लागू होगा। हालांकि, केवल पैनल में शामिल होने से कोई भी अभ्यर्थी अध्येतावृत्ति के हकदार नहीं बनेंगे, जो कि वर्ष के दौरान रिक्तियों के घटित होने पर निर्भर है। यदि योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हैं तो निदेशक, एन पी ओ एल, के पास किसी भी अभ्यर्थी का चयन न करने का अधिकार सुरक्षित है।

- कनिष्ठ शोध अध्येता का कार्यकाल दो वर्ष की प्रारंभिक अवधि के लिए होगा (नियमों के अनुसार विस्तार/उन्नयन हो सकता है) और मासिक परिलब्धियां रु. 37000/- एवं मकान किराया भत्ता प्रदान किया जाएगा, जैसा कि नियमों के तहत स्वीकार्य है।

- इस विज्ञापन द्वारा अधिसूचित चयन प्रक्रिया से संबंधित कोई भी अतिरिक्त सूचना/संशोधन का अपडेट डी आर डी ओ की वेबसाइट (www.drdo.gov.in) में ही किया जाएगा। प्रत्याशी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक नियमित रूप से वेबसाइट की जाँच करें।

- इस विज्ञापन के हिंदी संस्करण के किसी खंड की विवेचना के फलस्वरूप किसी प्रकार की अस्पष्टता/ विवाद की स्थिति में अंग्रेज़ी संस्करण में प्रकाशित विस्तृत अनुदेशों को अंतिम माना जाएगा।

- **यह ध्यान देने योग्य है कि अध्येतावृत्ति की पेशकश डी आर डी ओ में समावेश के लिए अध्येता को कोई अधिकार नहीं देता है।**

**निदेशक**
**एन पी ओ एल, कोच्चि**